एनआईटी की प्रगति सराहनीय : डॉ. त्यागी

श्रीनगर। यहां एनआईटी (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान) उत्तराखंड में पूर्व छात्र सम्मलेन (एलुमिनाई मीट) आयोजित किया गया। सम्मेलन में 2014 से 2021 के भूतपूर्व छात्र ऑनलाइन जुड़े। एनआईटी में शनिवार को तृतीय पुरातन छात्र सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ एनआईटी के चेयरमैन डॉ. आरके त्यागी और संस्थान के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने किया। चेयरमैन डॉ. त्यागी ने संस्थान की प्रगति और छात्रों की उपलब्धियों की प्रशंसा की। निदेशक प्रो. अवस्थी ने एनआईटी के सतत विकास में छात्रों और शिक्षकों के योगदान की सराहना की। डॉ. सारिका पाल, डॉ. एसके तड्डेपल्ली, डॉ. हरिहरन, डॉ. लालता प्रसाद, डॉ. जीएस बरार, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. शशि नारायण, डॉ. सूर्यनारायण गंगोलू, नितांशु चौहान व डॉ. गौरव कुमार आदि ने कार्यक्रम में सहयोग किया। संवाद

एनआईटी के पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

- बोले, संस्थान का नाम आज ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है
- पूर्व छात्रों को बताया संस्थान के पथ प्रदर्शक और गौरव

श्रीनगर, संवाददाता। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर के पूर्व छात्रों का तृतीय सम्मेलन ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों एनआईटी के छात्रों द्वारा देश के नामचीन संस्थानों में जॉब पाकर अपनी उपलब्धियां साझा की। जबकि संस्थान के पुराने अनुभवों को नये छात्रों के साथ साझा किये गये। उन्होंने कहा कि एनआईटी श्रीनगर के छात्रों की बदौलत आज संस्थान का नाम ऊंचाइयों में पहुंच रहा है।

सम्मेलन में संस्थान के अध्यक्ष डॉ. आरके त्यागी और संस्थान के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने संस्थान की प्रगति और छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। कहा कि आज उत्तराखंड का एनआईटी सभी दिशाओं में प्रगति कर रहा है जो आगामी समय में देश के शीर्ष संस्थानों में जगह बनायेगा। संस्थान में हो रहे उत्कृष्ठ शोध कार्य, छात्रों के विभिन्न बहुदेशीय कंपनियों और प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे गेट, कैट, प्रशासनिक सेवाओं में चयन के लिए समस्त छात्र बधाई के पात्र है। कहा कि पूर्व छात्र संस्थान के पथ प्रदर्शक और संस्थान के गौरव है। कार्यक्रम में डॉ. सारिका पाल, डॉ. एसके तड्डेपल्ली, डॉ. हरिहरन, डॉ. लालता प्रसाद, डॉ. जीएस बरार, डॉ. कृष्ण कुमार आदि मौजूद थे।

एनआइटी के विकास में एल्युमिनाई बनेंगे सहयोगी

जागरण संवाददाता, श्रीनगर गढ़वाल: राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड श्रीनगर (एनआइटी) का एल्युमिनाई समारोह रविवार को आयोजित किया गया। आनलाइन हुए इस समारोह में एनआइटी के 200 से अधिक एल्युमिनाई (पूर्व छात्र) जुड़े, जो देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों और कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं।

एनआइटी के बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डा. आरके त्यागी और एनआइटी श्रीनगर के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एल्युमिनाई सम्मेलन का उद्घाटन किया। एनआइटी संस्थान के अध्यक्ष डा. आरके त्यागी ने संस्थान के निदेशक प्रो. अवस्थी के दिशा निर्देशन में एनआइटी के तेजी से हो रहे विकास और संस्थान के छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि एनआइटी श्रीनगर देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान बनेगा। निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन को संस्थान ही नहीं वरन उत्तराखंड के भी व्यापक हित में बताते हुए डा. त्यागी ने कहा कि आगामी कुछ समय में ही यह संस्थान देश के शीर्ष संस्थानों में अपनी जगह भी बना लेगा।



एनआइटी उत्तराखंड श्रीनगर के एल्युमिनाई सम्मेलन को आनलाइन संबोधित करते संस्थान के बोर्ड आफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डा. आरके त्यागी • जागरण

एनआइटी निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने एल्युमिनाई का आह्वान करते हुए कहा कि अपने अनुभवों और संपर्कों से एल्युमिनाई एनआइटी के विकास में सहयोगी बनें। संस्थान के छात्रों के लिए उनका मार्गदर्शन भी बहुत लाभकारी है। प्रो. अवस्थी के आह्वान को हाथोंहाथ लेते हुए एल्युमिनाई की ओर से संस्थान के विकास में हर कदम पर सहयोगी बनने की भी बात कही गई। निदेशक प्रो. अवस्थी ने कहा कि एनआइटी की फैकल्टियों और छात्रों के सहयोग से हम शीघ्र ही देश के सर्वोच्च संस्थानों में शामिल होंगे। पूर्व छात्रों को संस्थान के लिए पथ प्रदर्शक बताते हुए निदेशक प्रो. अवस्थी ने देश-विदेश में रह रहे एनआइटी के एल्युमिनाई से अपने छात्र जीवन और बतौर फैकल्टी मिले अनुभवों को भी साझा किया। एनआइटी श्रीनगर में हो रहे उत्कृष्ट शोध कार्यों की चर्चा करते हुए प्रो. अवस्थी ने कहा कि विभिन्न बहुद्देश्यीय कंपनियों और गेट, केट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एनआइटी के छात्र परचम लहरा रहे हैं।

एनआइटी के कुलसचिव डा. प्रभाकरमणि काला ने कहा कि किसी भी संस्थान के विकास में एल्युमिनाई का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण होता है। एल्युमिनाई का अनुभव वर्तमान छात्रों के लिए प्रेरणा का कार्य भी करता है। संस्थान की ओर से डा. काला ने सभी एल्युमिनाई का स्वागत किया।

आनलाइन सम्मेलन में एनआइटी एल्युमिनाई की कोआर्डिनेटर डा. सारिका पाल ने प्रगति रिपोर्ट रखी। आनलाइन समारोह में डा. एसके तड़ेपल्ली, डा. हरिहरन, डा. लालता प्रसाद, डा. जीएस बरार, डा. कृष्ण कुमार, डा. शशि नारायण, डा. सूर्य नारायण गंगोलू, नितांशु चौहान, डा. गौरव कुमार आदि शामिल हुए।